आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-121 कटनी ● गुरुवार, 3 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


### World Bicycle Day




### बस्तर की नैना ने किया एवरेस्ट फतह



जगदलपुर। मंजिल उन्हें मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। बस्तर के एक छोटे से आदिवासी बहुल गांव एक्टागुड़ा की रहने वाली बेटी नैना सिंह धाकड़ ने इसे ठीक से समझा और साबित कर दिया। नैना धाकड़ ने दुनिया की आसमां को छूती सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848.86 मीटर) पर पहुंचने में सफलता हासिल की है।।

# 108 जांबाज बच्चों पर वैक्सीन ट्रायल, 3 को लगा टीका, कोई दुष्प्रभाव नहीं

## पटना एम्स से आई गुड न्यूज

**पटना।** देश में बच्चों पर कोरोना वैक्सीन का ट्रायल शुरू हो गया है। पटना एम्स में स्वदेशी वैक्सीन कोवैक्सीन का बच्चों पर क्लिनिकल ट्रायल मंगलवार को शुरू हो गया। इसके तहत तीन बच्चों को कोविड टीका कोवैक्सीन की पहली डोज दी गई है। फिलहाल तीनों बच्चे स्वस्थ हैं। एम्स को कुल 80 बच्चों पर ट्रायल का लक्ष्य दिया गया है। पटना एम्स के कोविड प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि 12 से 18 वर्ष के उम्र के बच्चों पर यह परीक्षण 1 जून यानी मंगलवार से शुरू हो गया। कोवैक्सीन के बच्चों पर ट्रायल के पहले दिन तीन बच्चों को वैक्सीन की पहली डोज दी गई। ये तीनों 12 से 18 साल की आयु के हैं और पटना के ही निवासी हैं। तीनों स्वस्थ हैं। किसी पर कोई दुष्प्रभाव नहीं देखा गया है। अस्पताल ने तीन बच्चों के माता-पिता को एक डायरी दी है और उनसे उनके स्वास्थ्य की निगरानी करने को कहा है। अगर इस दौरान बच्चों को कोई भी दिक्कत होती है तो उन्हें फौरन पटना एम्स से संपर्क करने को कहा गया है।

### 28 दिन बाद दूसरी डोज

इन तीनों बच्चों को 28 दिन के अंतराल के बाद कोवैक्सीन की दूसरी डोज दी जाएगी। एक बार उनका टीकाकरण पूरा हो जाने पर टीके के किसी भी दुष्परिणाम के लिए बच्चों की पूरी तरह से जांच की जाएगी। पटना एम्स ने बच्चों को उनकी उम्र के आधार पर ट्रायल के लिए तीन समूहों में बांटा है। ये तीन आयु वर्ग 2-5 साल, 6-12 साल और 12-18 साल हैं। बता दें कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने 11 मई को भारत बायोटेक निर्मित कोरोना वैक्सीन कोवैक्सीन को 2 से 18 साल तक के बच्चों पर क्लिनिकल ट्रायल की मंजूरी दी थी।



### 108 बच्चों ने स्वेच्छा से कराया रजिस्ट्रेशन

एम्स में कोवैक्सीन टीके का बच्चों पर क्लिनिकल ट्रायल चल रहा है। 28 मई से रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ है। स्वेच्छा से 108 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें से 15 बच्चों का क्लिनिकल परीक्षण किया गया तो तीन को ही ट्रायल के लायक पाया गया।



### सीरम इंस्टीट्यूट बनाएगा स्पूतनिक-वी?

सीरम इंस्टीट्यूट ने भारतीय दवा नियामक से रूसी वैक्सीन के निर्माण की अनुमति मांगी है। सीरम ने स्पूतनिक-वी के निर्माण के लिए डीसीजीआई से अनुमति मांगी है।

### सरकार ने 30 करोड़ डोज कर लीं बुक

देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर का कहर जारी है। इस बीच, केंद्र सरकार देश में कोविड टीकों की किल्लत दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस कड़ी में केंद्र सरकार हैदराबाद स्थित वैक्सीन निर्माता बायोलॉजिकल-ई से कोरोना वैक्सीन की 30 करोड़ खुराक खरदीने जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हैदराबाद स्थित टीका निर्माता कंपनी बायोलॉजिकल-ई के साथ कोविड-19 रोधी टीके की 30 करोड़ खुराकें बनाने तथा उनका भंडारण करने के लिए समझौते को अंतिम रूप दिया है।

## फटाफट खबरें



### आठ नई उड़ान प्रशिक्षण अकादमियों में खजुराहो भी शामिल

**भोपाल।** खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने लोकसभा खजुराहो को बड़ी सौगात मिलने पर केन्द्र सरकार का आभार जताया है आपको बता दें कि देश के पांच शहरों में खुलने वाली आठ नई उड़ान प्रशिक्षण अकादमियों में लोकसभा क्षेत्र खजुराहो का चयन किया गया है। खबर के बाद श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी जी का आभार जताते हुए कहा कि भारत को वैश्विक पायलट प्रशिक्षण का बड़ा केंद्र बनाने के उद्देश्य से शुरु हो रही इस प्रशिक्षण अकादमी से खजुराहो संसदीय क्षेत्र के साथ साथ सम्पूर्ण बुंदेलखंड की जनता को लाभ मिलेगा।

### यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षाएं भी रद्द

**लखनऊ।** कोरोना महामारी के कारण केन्द्र सरकार 12वीं कक्षा की परीक्षाएं रद्द कर चुकी है। अब इन छात्रों का रिजल्ट आंतरिक परीक्षाओं के आधार पर जारी किया जाएगा। परीक्षाएं कैंसिल होने के बाद गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों ने भी 12वीं की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। ताजा खबर उत्तर प्रदेश से आ रही है। यहां डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने ऐलान किया कि 10वीं के बाद अब 12वीं की परीक्षा भी रद्द की जा रही है।

### आचार्य ऋषभचन्द्र सूरीश्वर जी का निधन, कल जन्मदिन के दिन अंतिम संस्कार

**राजगढ़, धार।** मोहनखेड़ा जैन तीर्थ के प्रसिद्ध संत आचार्य श्री ऋषभ चन्द्र सूरीश्वर जी का बुधवार रात्रि में इंदौर के मोहक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। श्री आदिनाथ राजेंद्र जैन ट्रस्ट मोहन खेड़ा ने सवेरे 6 बजे के करीब निधन की आधिकारिक घोषणा की। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी सुजान मल जैन एवं त्रिस्तुति जैन श्री संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंपालाल वर्धन ने बताया की आचार्य श्री का अंतिम संस्कार मोहन खेड़ा तीर्थ पर किया जाएगा। आचार्य श्री अंतिम संस्कार कार्यकम में ट्रस्ट ने पुनः परिर्वतन किया है, अब गुरुवार शाम 5 बजे के बजाए अंतिम संस्कार शुक्रवार 4 जून को सुबह किया जाएगा। स्मरणीय है कि 4 जून को ही आचार्य श्री का 63वां जन्म दिन है।

# यूपी, बिहार-मध्यप्रदेश बेहाल 9346 बच्चे हुए बेसहारा



**भोपाल, लखनऊ।** कोरोना की दूसरी लहर का असर पूरे देश पर पड़ा है। महामारी की मार का सबसे ज्यादा असर मासूम बच्चों पर पड़ा है। आंकड़ों पर गौर करें तो पूरे देश में अब तक 9346 बच्चे अनाथ या बेसहारा हो चुके हैं। इनमें अधिकतर ने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया, जबकि काफी बच्चों के सिर से एक अभिभावक का साया उठ गया। यह जानकारी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई। जस्टिस एलएन राव और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ के समक्ष पेश महाराष्ट्र सरकार ने आंकड़े पेश किए। इनमें बताया गया कि 30 मई तक राज्य के विभिन्न इलाकों में 4,451 बच्चों ने अपने माता-पिता में से एक को खो दिया है। वहीं, 141 बच्चे ऐसे हैं, जिनके माता-पिता दोनों की मौत हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे सात जून तक एनसीपीसीआर की वेबसाइट बाल स्वराज पर पूरा डाटा अपलोड करें। यहां कोरोना वायरस संक्रमण से प्रभावित हुए बच्चों का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट बाल गृहों में कोरोना फैलने पर स्वतः संज्ञान लेने से जुड़े एक मामले में सुनवाई कर रहा है। सवाल उठ रहा है कि कोविड के दौर में ही अनाथ हुए बच्चों के लिए एक जैसी योजना क्यों नहीं बनाई गई?

### बेसहारा बच्चे यूपी में सबसे ज्यादा

एनसीपीसीआर की वकील स्वरूपमा चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2110 बच्चे बेसहारा हो गए, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा आंकड़ा है। दूसरे नंबर पर बिहार है, जहां 1327 बच्चों पर महामारी की मार पड़ी। वहीं, 952 बच्चों के साथ तीसरे नंबर पर केरल और 712 बच्चों के साथ चौथे नंबर पर मध्यप्रदेश है। ये बच्चे कोरोना महामारी के कारण अनाथ हो गए या फिर माता-पिता में से किसी एक को खो दिया।

### मध्यप्रदेश में 318 बच्चे अनाथ

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में अब तक कुल 318 बच्चे अनाथ हो चुके हैं, जिन्होंने महामारी में अपने माता-पिता दोनों को खो दिया। यह आंकड़ा पूरे देश में सबसे ज्यादा है। राज्य में कुल 712 बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने माता या पिता में से किसी एक को गंवा दिया। इस मामले में राज्य पूरे देश में सातवें नंबर पर है।महामारी के खौफ के बीच मध्यप्रदेश सरकार की कोविड-19 बाल कल्याण योजना पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### एक मार्च से 31 जून के बच्चे शामिल

एमपी में योजना का लाभ सिर्फ 1 मार्च से 30 जून 2021 के बीच मृत अभिभावक के बच्चों को ही दिया जा रहा है, जिसके चलते योजना के दायरे में महज 250 बच्चे ही आ सके। 1 मार्च 2021 से 30 जून के बीच अनाथ हुए हर बच्चे को प्रतिमाह 5 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।योजना में उन बच्चों को भी शामिल किया गया है, जिनके अभिभावकों की मौत कोरोना से नहीं हुई।कोरोना के कारण लगभग 1,000 बच्चे अनाथ हुए।

## दिल्ली हाईकोर्ट में सरकार का जवाब

# अपनी क्षमता का व्हाट्सएप कर रहा गलत इस्तेमाल




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटव्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी भारत समेत कई देशों में 15 मई से लागू हो गई है। नई प्राइवेसी पॉलिसी पर सरकारी ने आपत्ति भी जताई है लेकिन अभी तक इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। अब सरकार ने व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में कहा है कि व्हाट्सएप अपनी नई पॉलिसी को यूजर्स पर थोप रहा है और स्वीकार करवाने के लिए अलग-अलग ट्रिक अपना रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि व्हाट्सएप अपनी डिजिटल क्षमता का गलत इस्तेमाल कर रहा है और यूजर्स को नई पॉलिसी स्वीकार करने के लिए मजबूर कर रहा है। वह बड़ी होशियारी से डाटा प्रोटेक्शन बिल के कानून बनन से पहले ही पॉलिसी को यूजर्स से स्वीकार करवा रहा है। केंद्र का कहना है कि व्हाट्सएप अपने यूजर्स को बार-बार नोटिफिकेशन भेज रहा है जो कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 24 मार्च, 2021 के आदेश के खिलाफ है। केंद्र ने दिल्ली हाईकोर्ट से मांग की है कि कोर्ट नई प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर जाने वाले नोटिफिकेशन को लेकर अंतरिम निर्देश दे। नई पॉलिसी को लेकर व्हाट्सएप अपने यूजर्स को दिन में कई बार नोटिफिकेशन भेज रहा है। हर दिन नोटिफिकेशन भेजने की कोई संख्या भी तय नहीं है।

## बिहार फिसड्डी




### सूचकांक 2020-21 में शीर्ष पर केरल

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने सतत नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्यों के लिए सूचकांक (एसडीजी) भारत सूचकांक 2020-21 की रिपोर्ट जारी कर दी है। इस रिपोर्ट में शीर्ष स्थान पर केरल रहा। बिहार का प्रदर्शन सबसे बुरा रहा। मालूम हो कि सतत विकास लक्ष्यों के लिए सूचकांक (एसडीजी) सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय मापदंडों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रगति का मूल्यांकन करता है। रिपोर्ट के अनुसार, केरल ने 75 अंक के साथ शीर्ष राज्य के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा, जबकि 74 अंक के साथ हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु को दूसरा स्थान मिला। इस साल के भारत सूचकांक में बिहार, झारखंड और असम सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं भारत सूचकांक 2020-21 की रिपोर्ट जारी कर दी है।

## कोर्ट ने खुशी तो जताई, पर जवाब भी मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह खुश है कि सीबीएसई और आईसीएसई कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने अब सीबीएसई और आईसीएसई से आंतरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित मानकों के बारे में जानना चाहा है। पीठ ने सीबीएसई और आईसीएसई को इस संबंध में दो सप्ताह में दिशा-निर्देश लाने के लिए कहा है।सीबीएसई की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने पीठ को जानकारी दी कि एक जून को सीबीएसई ने 12वीं की परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि दो हफ्ते में आंतरिक मूल्यांकन के लिए मानक निर्धारित कर दिए जाएंगे। जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई दो हफ्ते के लिए टाल दी। मालूम हो कि सीबीएसई के बाद आईसीएसई ने भी 12वीं की परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया था।

### भगौड़े मेहुल को वापस लाने की कवायद

## महिला अधिकारी को कमान



**नई दिल्ली।** पीएनबी घोटाले का आरोपी और भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को लेकर डोमिनिका की अदालत में आज यानी बुधवार को सुनवाई होगी।अगर चोकसी को भारत प्रत्यर्पित किया जाता है तो उसे भारत लाने की जिम्मेदारी सीबीआई महिला अधिकारी शारदा राउत की होगी। आईपीएस शारदा राउत ने पंजाब नेशनल बैंक यानी पीएनबी मामले की जांच की अगुवाई की थी। वहीं अब शारदा राउत डोमिनिका से मेहुल चोकसी को वापस लेने गई 6 सदस्यीय सीबीआई टीम का नेतृत्व कर रही हैं। डोमनिका पहुंची 6 सदस्यीय टीम में सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और सीआरपीएफ के दो- दो सदस्य शामिल हैं। बैकिंग फ्रॉड मामलों में सीबीआई की महिला अधिकारी शारदा राउत इस टीम की अहम सदस्य हैं।

## फफक-फफककर रोए लोग जब उठी राकेश पंडिता की अर्थी



**पुलवामा।** कश्मीरी पंडित और भाजपा नेता राकेश पंडिता का शव जम्मू स्थित उनके घर लाया गया। अर्थी उठते ही लोग फफक-फफककर रोने लगे। अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे लोगों ने कहा कि इस कायराना हमले को अंजाम देने वालों का जल्द से जल्द खात्मा किया जाए। कब तक कश्मीरी पंडित इसी तरह अपनी जान गंवाते रहेंगे। बता दें कि कायराना हमला करते हुए आतंकियों ने बुधवार को उनकी हत्या कर दी थी। इस आतंकी हमले में एक महिला भी जख्मी हुई है, जिसे अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबल पूरे इलाके को घेरकर अभियान चला रहे हैं। उधर, पुलिस ने दावा किया है कि राकेश पंडिता को निजी सुरक्षा के लिए दो पीएसओ दिए गए थे, लेकिन बुधवार को वे बिना सुरक्षा के ही त्राल चले गए। पुलिस के अनुसार राकेश पंडिता पुत्र सोमनाथ पंडिता बुधवार को त्राल बाला इलाके में अपने मित्र मुस्ताक भट्ट के घर आए थे।

## शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल




**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर खत्म हो रही है, राज्यों ने अनलॉक की प्रोसेस शुरू कर दी है और इसका सकारात्मक असर शेयर मार्केट पर साफ देखा जा रहा है। ताजा खबर यह है कि गुरुवार को शेयर बाजार तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स 268.36 अंकों (0.52 फीसदी) की तेजी के साथ 52117.84 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी 82.20 अंक (0.53 फीसदी) की बढ़त के साथ 15658.40 के स्तर पर खुला। देश के शेयर बाजार के इतिहास में यह पहला मौका है जब सेंसेक्स ने 52000 का स्तर पार किया है। सुबह के कारोबार में 1528 शेयरों में तेजी आई, 278 शेयरों में गिरावट आई, वहीं 51 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बता दें, पिछले सप्ताह के दौरान बीएसई सेंसेक्स 882.40 अंक यानी 1.74 फीसदी मजबूत हुआ है।

### कोरोना केस में मामूली बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।** बीते 24 घंटों में कोरोना के मामलों में मामूली वृद्धि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार सुबह तक बीते 24 घंटों में देशभर में कोरोना के 1,34,154 मरीज सामने आए हैं। इसके एक दिन पहले यह संख्या 1.35 लाख थी। इस दौरान 2,11,499 मरीज ठीक हुए हैं और मृतकों का आंकड़ा 2,887 रहा है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 2,84,41,986 केस सामने आ चुके हैं। इनमें से 2,63,90,584 ठीक हो चुके हैं और 3,37,989 की जान चली गई है।

### 3 आप विधायकों को कांग्रेस में शामिल करवाकर दिल्ली पहुंचे कैप्टन



**अमृमसर।** पंजाब कांग्रेस की अंतर्कलह तेज होती जा रही है। कांग्रेस विधायकों में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाने की मांग तेज होती जा रही है। ये सभी विधायक नवजोत सिंह सिद्धू के समर्थक बताए जा रहे हैं। ताजा खबर यह है कि विवाद हल करने के लिए बनाई गई तीन सदस्यों की कमेटी के सामने मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पेशी 4 जून, शुक्रवार को होगी। कमेटी के सदस्य हरीश रावत ने इसकी पुष्टि की है। कैप्शन अमरिंदर सिंह हेलिकाप्टर से दिल्ली पहुंचे चुके हैं। वे शुक्रवार सुबह कमेटी के सामने अपना पक्ष रखेंगे। कमेटी में हरीश रावत, मल्लिकार्जुन खड़गे और जय प्रकाश अग्रवाल हैं, जिसका गठन सोनिया गांधी ने किया है। चंडीगढ़ से दिल्ली रवाना होने से पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बड़ा दाव खेला। उन्होंने आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों को कांग्रेस में शामिल करवाया। ये विधायक हैं सुखपाल सिंह खैरा, जगदेव सिंह मकालू और परिमल सिंह धौला।

# तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ केरल पहुंचा मानसून



**नई दिल्ली।** मानसून इस बार तय समय से तीन दिन देरी से आज केरल पहुंच गया। सुबह 11 बजे दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्र ने यह जानकारी दी। इससे पहले मौसम विभाग ने 31 मई को केरल पहुंचने की संभावना जताई थी, लेकिन निश्चित समय पर मानसून ने दस्तक नहीं दी, हालांकि अंडमान निकोबार द्वीप समूह के आसपास पहुंच चुका है। वहीं केरल में 3 दिनों से प्री-मानसूनी बारिश हो रही है। राज्य में तेज हवाओं के साथ बारिश जारी है। देशभर में इस बार मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान में बताया है कि इस बार मानसून सामान्य से अच्छा रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 2 जून को बताया कि केरल में बारिश में तेजी है और दक्षिण अरब सागर के निचले स्तरों में पछुआ हवाएं चलने से मौसम ठंडा हैं। वहीं केरल तट और उससे सटे दक्षिण-पूर्वी अरब सागर में बादल छाए हुए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून के उत्तर और दक्षिण भारत में सामान्य रहने की संभावना है, वहीं मध्य भारत में सामान्य से अधिक और पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम रहने का अनुमान है।

### इन राज्यों में सामान्य रहेगा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक जून से सितंबर के बीच उत्तर पश्चिम भारत यानी पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान के कुछ इलाकों में 108 फीसदी तक बारिश होने की संभावना है। वहीं, दक्षिण भारत यानी केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गोवा ओडिशा में 93 से 107 फीसदी वर्षा के होने का पूर्वानुमान है जो कि सामान्य है।

### किस राज्य में कब पहुंचेगा मानसून

| | |
|---|---|
| 11 जून-महाराष्ट्र व तेलंगाना | 23 जून-यूपी |
| 12 जून-पश्चिम बंगाल | 26 जून-गुजरात |
| 13 जून-ओडिशा | 27 जून-दिल्ली और हरियाणा |
| 14 जून-झारखंड | 28 जून-पंजाब |
| 16 जून- बिहार और छत्तीसगढ़ | 29 जून-राजस्थान |
| 20 जून-उत्तराखंड और मध्य प्रदेश | को मानसून पहुंचने के आसार हैं। |

### राज्य में कैसा रहेगा मानसून?

उत्तर भारत और पूर्व के राज्यों में ज्यादा बारिश की संभावना है। यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और मध्य प्रदेश के कुछ इलाके में सामान्य से कम बारिश की संभावना जताई गई है।वहीं, मध्य भारत के राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना। मौसम विभाग के मुताबिक यहां 106 फीसदी से ज्यादा बारिश का अनुमान है।




# शहर की सड़कों पर उमड़ने लगी भीड़

## ऐसा लग रहा जैसे लोगों को लॉकडाउन खुलने का ही इंतजार था

### एक जून को जनता कर्फ्यू में छूट मिलने के बाद से सड़कों में पहले जैसी दिखी भीड़

**कटनी।** अप्रैल से मई तक घरों में रहने के बाद से एक जून को जनता कर्फ्यू में छूट मिलने के बाद से सड़कों में पहले जैसी भीड़ दिखने लगी। भीड़ देखकर ऐसा लगा जैसे कुछ हुआ ही नहीं है। दोपहर तक हालात यह हो गए कि कोरोना की नियमों को भी कोई पालन करते नहीं दिखा। दो पहिया वाहन में तीन, ऑटो में चार, पांच सवारियां और कारों में भी नियम के मुताबिक लोग जाते नहीं दिखे। इसके अलावा कई लोग ऐसे भी थे जो वाहनों के पीछे बैठे थे लेकिन मास्क नहीं लगाए थे।





### सुबह से खुल रही दुकानें

मंगलवार एक जून की सुबह 6 बजे से ही शहर के लगभग सभी मुख्य इलाकों की दुकानों के शटर खुलना शुरू हो गए थे जबकि नगर निगम आयुक्त का आदेश सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक दुकान खोलने का है। वहीं सुबह से किराना दुकान और सब्जी की दुकानों में भीड़ लगी देखी। पुलिस के वाहन लगातार भ्रमण करते हुए अनाउंसमेंट करते हुए सभी को नियम का पालन करने का निर्देश दे रहे थे। ताकि वह सुरक्षित रहे।

### काम की तलाश में मजदूर भी हुए एकत्रित

मजदूर भी काम के लिए सुबह से ही अपने स्थानों में जाकर खड़ हो गए। सुभाष चौक व आजाद चौक में मजदूरों की इतनी भीड़ देखकर पुलिस भी सक्ते में आ गई और वाहन से चलते हुए अनाउंसमेंट कर दूरी बनाकर खड़ होने के लिए निर्देश दिए लेकिन मजदूर जब नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ा भी ताकि वह नियमों का पालन करें। वहीं मजदूरों के पास जैसे ही कोई काम देने के लिए जा रहा था तो उसे सभी घेरकर खड़े हो जाते। जिसे देखते हुए पुलिस के वाहन लगातार ऐसे स्थानों में भ्रमण करते रहे। वहीं कटिंग सेलून में भीड़ एकत्रित होने लगी, जिसे पुलिस ने सख्त हिदायद दी है।

### कोरोना जागरूकता का नहीं दिख रहा असर

पुलिस ने इतने दिनों तक कोरोना से बचने मास्क लगाने और दूरी बनाएं रखने के लिए लगातार जागरूकता फैलाई लेकिन वह पहले दिन ही खत्म हो गया। हालांकि पुलिस के कुछ वाहन अभी भी सड़कों में घूमते हुए लोगों का जागरूक कर रहे है।

### जिन दुकानों में भीड़ थी उन्हें मिली हिदायद

जिन दुकानों में भीड़ अधिक दिखी पुलिस वाहन में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों ने सभी को अनाउंसमेंट करते हुए दुकान का नाम लेकर दुकान संचालक को हिदायद दी कि वह अपनी दुकान में दूरी का पालन करते हुए सामान दें। साथ ही सभी को मास्क लगाने के लिए कहे। यदि दुकान में भीड़ लगी दिखती है तो दुकान संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

### कई दुकानों में लाइन का सिस्टम

दुकानों में अधिक भीड़ होने पर दुकान संचालक लाइन लगाकर सामान खरीदने के लिए कह रहे है ताकि किसी को परेशानी नहीं हो और नियमों का भी पालन हो सके। इसके अलावा दुकान मालिकों ने अपनी दुकान के बाहर उचित दूरी के हिसाब से गोल घेरे भी बना दिए है, जिसमें ग्राहक खड़े होकर सामान ले सके।

### सड़कों पर जमें ठेले वालों को हटाया

सड़कों में ठेले में सब्जी और फल बेचने वालों को पुलिस ने हिदायद दी कि वह एक स्थान में खड़े होकर अपना व्यापार नहीं करे। एक स्थान में खड़े होने से उनकी ठेले में सब्जी, फल खरीदने वालों की भीड़ लग जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा फैलने की आशंका होती है। ठेला व्यापारियों को पुलिस ने अनाउंसमेंट करते हुए कहा कि वह ठेले से मोहल्ले और गलियों में जाकर अपना व्यापार करें और यदि मुख्य सड़क पर करना है तो चलते फिरते व्यापार करें। एक स्थान में खड़े होकर व्यापार नहीं करें।

### शराब दुकानों में भी दिखी भीड़

मंगलवार की सुबह शराब की दुकानों में भी भीड़ लगना शुरू हो गई। हालांकि पुलिस की व्यवस्था होने के कारण वह भी नियमों के मुताबिक ही लोग ने दुकान में जाकर शराब खरीद रहे है।

# अभी भी जंजीर खींचने से लेट हो रही ट्रेनें

## 30 दिन में 161 यात्रियों ने खींची चेन




**कटनी।** कोरोना काल के दौरान भी लोग ट्रेनों की जंजीर खींचने से पीछे नहीं हटे। जब चाहा, जहां चाहा, जंजीर खींचकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे समय पर चलने वाली ट्रेन घंटों लेट हो गई। हालांकि रेलवे ने भी ऐसा करने वालों को पकड़कर उन पर कार्रवाई करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। आरपीएफ द्वारा अप्रैल माह में लगभग 161 लोगों को ट्रेन की चेन पुलिंग करते हुए पकड़ा। इन पर आरपीएफ द्वारा कार्रवाई करते हुए इनसे लगभग 40 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूल गया। वहीं एक साल के आंकड़े को चौकने वाले हैं । पमरे जोन के जबलपुर, भोपाल और कोटा रेल मंडल में पिछले साल चेन पुलिंग करने वाले 3782 प्रकरण दर्ज किए गए। 22 लाख 33 हजार 604 जुर्माना लगाया है। वहीं इस वित्तिय वर्ष 2020-21 में अवैध रूप से चेन पुलिंग करने वाले के 1265 प्रकरण दर्ज किए गए। जिनसे 8 लाख 15 हजार 944 रुपये का जुर्माना वसूला।

### अचरज करने वाले कारण बताते हैं लोग

जबलपुर रेल मंडल से वर्तमान में 66 ट्रेनें गुजर रही हैं। मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में ही चेन पुलिंग के मामले नहीं हुएए बल्कि भोपाल और कोटा रेल मंडल से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में भी यात्रियों और उन्हें छोड़ने आए परिजनों ने भी चेन पुलिंग कर दी। हालांकि चेन पुलिंग करने वालों ने जब इसका कारण पूछा गया तो उनके बहाने सुनकर आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों को भी अचरच लगा। किसी ने कहा कि उसकी ट्रेन छूट रही थी तो किसी ने कहा उसका लगेज नहीं चढ़ पाया था। इस दौरान ने कईयों ने यह तक कह दिया कि उनकी चप्पल नीचे गिर गई तो किसी ने कहा कि वह परिजनों से नहीं मिल सका था।

### कार्रवाई से 66 फीसदी आई कमी

चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने की वजह से पिछले वर्ष की तुलना में 66 फीसद प्रकरणों में कमी आयी है। दरअसल चेन पुलिंग के आरोपित के खिलाफ आरपीएफकी धारा 141 के तहत बिना किसी उचित कारण के चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके तहत आरोपित को एक वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है।

# रेलवे ने बढ़ाई स्पेशल ट्रेनों की अवधि

### अब 17 जून तक दौड़ेंगी स्पेशल ट्रेनें




**कटनी।** रेलवे ने उन ट्रेनों की समयावधि बढ़ा दी है जो महाराष्ट्र से जबलपुर-कटनी होकर यूपी-बिहार के बीच चलती हैं। अभी इन्हें 31 मई तक चलाने की स्वीकृति थी लेकिन रेलवे बोर्ड के नए आदेश के बाद अब इन ट्रेनों को 17 जून तक चलाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 01329/01330 पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 01, 03, 05, 08, 10, 12 एवं 15 जून और गोरखपुर से 03, 07, 10, 12, 14 एवं 17 जून को सात ट्रिप के लिए बड़ा दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01331/01332 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 04, 07, 11 एवं 14 और दानापुर से 05, 08, 12 एवं 15 जून को चार ट्रिप के लिए, गाड़ी संख्या 01333/01334 पुणे-दरभंगा-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 03 एवं 10 जून को और दरभंगा से 05 एवं 12 जून को दो ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01335/01336 पुणे-भागलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 06 एवं 13 जून और भागलपुर से 08 एवं 15 जून को दो ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01359/01360 सीएसएमटी-गोरखपुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 02, 04, 06, 07, 09, 11, 13 एवं 14 जून और गोरखपुर से 04, 06, 08, 09, 11, 13, 15 एवं 16 जून को आठ ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01361/01362 सीएसएमटी-दानापुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन की सीएसएमटी से 03एवं 10 जून और दानापुर से 04 एवं 11 जून को दो ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01363/01364 सीएसएमटी-दरभंगा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 01, 08 एवं 15 जून और दरभंगा से 03, 10 एवं 17 जून को तीन ट्रिप के लिए तथा गाड़ी संख्या 01365/01366 सीएसएमटी-छपरा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 05 एवं 12 जून और छपरा से 07 एवं 14 जून को दो ट्रिप के लिए बढ़ा दिया गया है।




**कटनी होकर सोमनाथ जाने वाली ट्रेन की गति बढ़ाई रेलवे ने**

## अपने परिवर्तित समय पर चलने लगी सोमनाथ एक्सप्रेस

**कटनी।** रेलवे इन दिनों कई ट्रेनों की गति बढ़ाकर उनका सफर का समय कम कर रहा है। जबलपुर रेल मंडल ने भी जबलपुर से कटनी होकर सोमनाथ जाने वाली ट्रेन की गति बढ़ाई है, जिसके बाद कई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने और रवाना होने का समय बदल दिया गया है। सोमवार से जबलपुर से कटनी होकर सोमनाथ जाने वाली ट्रेन अपने परिवर्तित समय पर आने व जाने लगी है। ट्रेन का जबलपुर से संत हिरदाराम के बीच आने वाले रेलवे स्टेशन में ही ठहराव का समय बदला है। बाकी स्टेशनों में पहुंचने के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गाड़ी संख्या 01466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस वाया कटनी मुड़वारा एवं बीना स्पेशल ट्रेन के नए समय के मुताबिक कटनी मुड़वारा आना व जाना शुरू हो गया है।



# रीठी बीएमओ का नया फरमान

### वैक्सीन नहीं लगवाये तो नहीं मिलेगा उपचार,घंटों मिन्नतें करता रहा बहन का मुलाहजा कराने आया युवक

**रीठी।** जिले की रीठी तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में पदस्थ प्रभारी बीएमओ ने एक पीड़ित युवक को वैक्सीन न लगवाने पर उसकी बहन का उपचार करने से मना कर दिया। पीड़ित युवक बहन के उपचार के लिए घंटो मिन्नतें करता रहा पर स्वास्थ्य विभाग न माना। मामले की जानकारी मीडिया कर्मियो को लगी। मीडिया को देख पीड़िता का तत्काल उपचार शुरू हुआ और बीएमओ मैडम अपनी गाड़ी से कहीं चली गई। वैक्सीन नही लगी तो रीठी अस्पताल मे उपचार नही मिलेगा वाला बीएमओ का फरमान लोगो को सक्ते में डाल दिया है। प्राप्त जानकारी के रीठी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुहांस निवासी 13 वर्षीय मालती यादव पिता किशोरी लाल यादव का पानी भरने के लिए गांव के ही अन्नू कुम्हार व अन्य लोगो से कहासुनी हो गई। बात इतनी बढी की अन्नु कुम्हार व अन्य ने मिलकर छोटी सी 13 वर्षीय मालती को मार दिया। मारपीट की शिकायत मालती के परिजनो ने रीठी थाने में की। रीठी थाना की एक महिला पुलिसकर्मी के साथ घायल मालती का भाई मुकेश यादव जब मुलहायजा व उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा तो। डाक्टर ने घायल मालती के भाई मुकेश को वैक्सीन न लगने के कारण उपचार करने से मना कर दिया गया। पीड़ित भाई-बहन घंटों अस्पताल में बैठे रहे पर प्रबंधन नही पसीजा। घंटो इंतजार के बाद घायल बच्ची का इलाज हो पाया। मुकेश ने बताया कि वह कहता रहा कि अभी आधार कार्ड नही लाया है दूसरे दिन आकर वैक्सीन लगवा लेगा लेकिन अस्पताल के डाक्टर नही माने। ग्रामीणों का कहना है कि रीठी अस्पताल मे पदस्थ कुछ अंगदों के तरह जमे सीनियर कर्मचारीयो के इशारे पर प्रतिदिन नये.नये निर्देश जारी होते हैं।

# कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों में मिला एसीसी का सहयोग

### वेंटिलेटर मशीनें और ऑक्सीजन कन्संट्रेटर्स कलेक्टर को सौंपे

**कैमोर।** अप्रैल और मई में कहर बरपाने के बाद अब जून में कोरोना संक्रमण की रफ्तार भले ही शिथिल पड़ गई है पर अभी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका बनी हुई है।कोरोना के आगामी खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा न केवल चौकसी बरती जा रही बल्कि इससे निपटने की तैय्यारी भी की जा रही।कैमोर स्थित एसीसी उद्योग कोरोना महामारी से निपटने लगातार जिला प्रशासन को सहयोग कर रहा। इसी कड़ी में गत दिवस एसीसी कैमोर के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी एवम एसीसी अमहटा प्रोजेक्ट हेड की अगुवाई में वेंटिलेटर एवं ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर मशीनें जिला प्रशासन को सौंपी गई। उल्लेखनीय है कि इसके पहले अप्रैल- मई में दो सैकड़ा से भी अधिक ऑक्सीजन सिलेंडर एवम अन्य सामग्री एसीसी की ओर से जिला चिकित्सालय कटनी व विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रदान की जा चुकी है।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये शासन-प्रशासन द्वारा हर स्तर पर कार्य जारी है। भविष्य में आने वाली चुनौतियों से यथोचित निपटा जा सकें, इसके लिये भी जिला प्रशासन द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है व जिले में चिकित्सीय संसाधन को बढ़ाने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे है।




इसी कड़ी में एसीसी कैमोर के डॉयरेक्टर प्लांट के.आर. रेड्डी के मार्गदर्शन व अमेहटा प्रोजेक्ट हेड आर. बरनीथरण के सहयोग से एसीसी ट्रस्ट द्वारा जिले में आईसीयू को और एडवांस और सशक्त बनाने के लिये दो वेन्टीलेटर मशीनें जिला प्रशासन को सौंपी गई हैं। एसीसी ट्रस्ट के द्वारा दी गई दोनों ही वेन्टीलेटर मशीन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को एसीसी के हेड एचआर एच. पी. सिंह के साथ अमिताभ राजन और शरद कुमार सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट में सौंपी गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमेए सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढिया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा भी मौजूद रहे।

इसके साथ ही पुलिस अस्पताल एवं उसमें संचालित कोविड केयर सेंटर हेतु एसीसी ट्रस्ट द्वारा 5 लीटर क्षमता के 5 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर भी सौंपे गएण् एसीसी ट्रस्ट के द्वारा दी गई ये पांचों मशीने पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को एसीसी के हेड एचआर एच.पी. संह के साथ सुरक्षा अधिकारी नीरज सिंह, श्रीमती ऐनेट बिश्वास, अमिताभ राजन और शरद कुमार सिंह के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में सौंपी गई। वर्तमान परिदृश्य में जनस्वास्थ्य की दिशा मे कंपनी की महत्वपूर्ण सहभागिता हेतु जिला प्रशासन द्वारा आभार जताया गया।

# कोरोना कर्फ्यू के दौरान पुलिस के साथ जुटकर कार्य करने वाले 21 वॉलेन्टियर्स को एसपी अवस्थी ने किया सम्मानित

### मिशन संबल के तहत बरही थाना क्षेत्र में कुटेश्वर माइंस के सहयोग से 200 परिवारों को वितरित किया राशन



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बरही थाना क्षेत्र का विजिट किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा जरुरतमंदों व असहाय लोगों की मदद के लिये प्रारंभ किये गये मिशन संबल के तहत राशन व अन्य खाद्य सामग्री का भी वितरण किया। अपने बरही क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी कुटेश्वर पहुंचे। जहां पर उन्होने मिशन संबल के तहत लगभग 200 असहाय एवं जरुरतमंद परिवारों को कुटेश्वर माईस के सहयोग से राशन का वितरण किया। वहीं श्री अवस्थी ने गैरतलाई में नीम का पौधा भी लगाया। इसके साथ ही एसपी श्री अवस्थी ने बरही थाने का भी विजिट किया। जहां पर उन्होने कोरोना कर्फ्यू के दौरान पुलिस के साथ जुट कर तन्मयता के साथ कार्य करने वाले एनएसएस के 21 वॉलेन्टियर्स को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री अवस्थी ने इन वॉलेन्टिर्स से रुबरु चर्चा कर उनके द्वारा भविष्य को लेकर की गई प्लानिंग की भी जानकारी ली। जिसके बाद एसपी ने वॉलेन्टियर्स का मार्गदर्शन किया। वहीं थाने में पदस्थ पुलिस अमले को भी पुलिस अधीक्षक ने कोरोना कर्फ्यू के दौरान की गई गतिविधियों को लेकर भी उनकी प्रशंसा की। कोरोना से संक्रमित होकर स्वस्थ्य हुई स्टाफहेण्ड कांस्टेबल मीना का भी श्री अवस्थी ने मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर एसडीओपी शिखा सोनी, थाना प्रभारी संदीप अयाची सहित अन्य स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 03 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper



# दूसरे के नाम आवंटित कर दिया पीएम आवास

## पति की मौत के बाद पीएम आवास पाने दर-दर भटक रही पत्नी

### कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार, ग्राम पंचायत इमलाज का मामला




**कटनी/रीठी।** पति की मौत के बाद उसके नाम पर आवंटित होने वाले पीएम आवास को किसी दूसरे अपात्र व्यक्ति के नाम पर आवंटित किए जाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी लगने के बाद विधवा महिला ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को शिकायत देते हुए पूरे मामले की जांच, पीएम आवास आवंटित किए जाने एवं दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। यह मामला जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत इमलाज का है। इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत इमलाज के तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक सचिव मिथलेश पाठक, सचिव श्रीधर मिश्रा एवं जिओ टेग पीसीओ लक्ष्मी नारायण मिश्रा की कारगुजारी सामने आ रही है। पीएम आवास योजना में अनियिमितताओं की फेहरिस्त बढ़ती जा रही है। खासकर जनपद पंचायत रीठी इस मामले में सुर्खियों में बनी हुई है। एक के बाद एक कई मामले सामने आ रहे हैं। सीईओ प्रदीप सिंह की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम इमलाज निवासी रामकुमार बर्मन को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास आवंटित किया गया था, लेकिन इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद नियमानुसार पीएम आवास उसकी पत्नी आशा बाई बर्मन को आवंटित किया जाना था लेकिन इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत के कर्ताधर्ताओं ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी की और अपात्र व्यक्ति रामकुमार काछी के नाम पीएम आवास आवंटित कर दिया। इसकी जानकारी जब स्व. रामकुमार बर्मन की पत्नी आशा बाई को लगी तो उसे ग्राम पंचायत जाकर पूछताछ की और न्याय की गुहार लगाई लेकिन उसकी फरियाद को अनसुना कर दिया गया। जिस पर अब उसने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को शिकायत दी है।

### जीआरएस, सचिव एवं पीसीओ की मिलीभगत

आशा बाई ने कलेक्टर को दी गई शिकायत में बताया कि इस पूरे मामले में तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक सचिव मिथलेश पाठक ने अपात्र व्यक्ति का रजिस्ट्रेशन किया, जबकि सचिव श्रीधर मिश्रा ने अपात्र व्यक्ति को पीएम आवास आवंटित किया। जिओ टेग पीसीओ लक्ष्मी नारायण मिश्रा ने दबाव बनाकर पूरी कार्रवाई करवाई और करीब 5600 रूपए मजदूरी दो किश्त का भुगतान फर्जी मस्टररोल के माध्यम से किया।

### रीठी जनपद सुर्खियों में

पीएम आवास योजना में अनियमितताओं के मामले में जिले की रीठी जनपद लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। हर दिन एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। ग्राम पंचायत बिलहरी में चेहतों को लाभ पहुंचाने अपात्रों को पीएम आवास आवंटित किए जाने के मामले के खुलासे के बाद अब ताजा मामला ग्राम पंचायत इमलाज का सामने आया है। जनपद पंचायत के सीईओ की खुली छूट का फायदा उठाते हुए अधीनस्थ अमला मनमर्जी में उतारू हो गया है। बताया जाता है कि रीठी सीईओ प्रदीप सिंह द्वारा कसावट लाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किए जाने के बाद भी अनियमितताएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। बताया जाता है कि ग्राम इमलाज पंचायत में वर्तमान में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक सुनील चौधरी की उक्त कारनामे के समय संविदा सेवा समाप्त की गई थी। मिथलेश पाठक इस दौरान इमलाज पंचायत के प्रभार में थे। इस मामले का खुलासा होने के बाद अब रीठी जनपद में हड़कम्प मचा हुआ है।

### इनका कहना है

मुझे शिकायत की जानकारी लगी हैं। इसकी तथ्यात्मक जानकारी लेकर जांच की जाएगी। इस विषय मे अगर सत्यता पाई जाती है तो सम्बधितों के खिलाफ नियमानुसार एकार्यवाही की जाएगी।
-जय लाल पांडे, ब्लाक समन्वयक, पीएम आवास







# हेवन्स फैमिली स्पा सेंटर का संचालक व कर्मचारी गिरफ्तार

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार

**कटनी।** शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे स्पा सेंटरों में अवैध गतिविधियां धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। यह बात अब तक यहां सेवाएं लेने वाले लोग चर्चाओं में करते थे लेकिन लोगों के बीच की यह चर्चा गतदिवस उस समय पुष्ट हो गई जब माधवनगर थाना अंतर्गत संचालित हेवन्स फैमिली नामक स्पा सेंटर में दबिश देकर पुलिस स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार के गोरखधंधे का खुलासा किया। बुधवार रात को पुलिस टीम ने हेवन्स फैमिली स्पा सेंटर में दबिश देकर दो युवती एवं तीन युवकों को आपत्तिजनक हालत में पकड़कर उन्हें गिरफ्तार किया और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में संचालित स्पा सेंटरों में हो रहे अनैतिक कार्य की रोकथाम के लिए एसपी मयंक अवस्थी ने पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम में एसडीओपी शालिनी परस्ते, महिला थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मंजू शर्मा, झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रश्मि सोनकर, कुठला थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, प्रधान आरक्षक गंगा प्रसाद वर्मा, राजेश सिंह, आरक्षक जज कुमार, सुरेश कोरी, सैनिक मोतीलाल के साथ शहर व उपनगरीय क्षेत्रों के समस्त स्पा सेंटरों में दबिश दी गई। इस दौरान माधवनगर गेट समीप स्थित हेवन्स फैमिली स्पा सेंटर में पुलिस ने रेड में आपत्तिजनक हालत में तीन युवक और दो युवतियों को पकड़ा गया। उनके पास से आपत्तिजनक चीजें भी बरामद कीं। इस पर हेवन्स फैमिली स्पा सेंटर संचालक संतोष दुबे, अमित चौधरी के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि स्पा सेंटर में संचालित अवैध गतिविधियों के संबंध में एक युवती ने शिकायत की थी और अपनी मां व सौंतेले पिता पर देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया था। जिसके बाद ही पुलिस हरकत में आई और उसने स्पा सेंटर की आड़ में देह कारोबार का खुलासा किया। इस मामले में अब पुलिस युवती की मां की तलाश कर रही है, जिसने बेटी को देह व्यापार के गंदे धंधे में धकेला।

**आपत्तिजनक हालत में मिले तीन युवक व दो युवतियां**

### संचालन में नियमों की अनदेखी

शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे स्पा सेंटरों में जमकर नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। स्पा सेंटर के संचालन के लिए भारत सरकार से प्रमाणित मोनो/लोगो, नगर निगम का लाइसेंस सहित गुमास्ता एक्ट के तहत जारी किए जाने वाला लाइसेंस शामिल रहता है। साथ ही यहां मसाज देने वाली युवतियों के पास भी किसी ट्रेनिंग सेंटर से पास होने का प्रमाण पत्र जरूरी है। इसके अलावा स्पा सेंटरों के रूम के दरवाजे में अंदर से बंद करने सिस्टम नहीं होना चाहिए। सीसीटीवी कैमरे व उनकी रिकार्डिंग आदि का इंतजाम भी होना चाहिए। इसके अलावा कई अन्य नियम हैं,जिनको पूरा किए बिना स्पा सेंटरों का संचालन नहीं किया जा सकता लेकिन शहर से लेकर उपनगरीय क्षेत्रों में नियमों की अनदेखी करते हुए स्पा सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है तथा स्पा सेंटरों की आड़ में अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।



# उमरियापान में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक खुलेगा मार्केट

**उमरियापान।** उमरियापान थाना प्रांगण में थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा की मौजूदगी में कल शाम 5 बजे व्यापारियों और राजनैतिक दलों के नेताओं की बैठक हुई। जिसमें सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मार्केट खुलने का निर्णय लिया गया है। शासन प्रशासन के पूर्व में जारी आदेश सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मार्केट खुले रहने के निर्णय से ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश था। व्यापारियों का कहना था यह समय शहरी क्षेत्र के लिए सही है ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से दुकानें खुल जाती हैं और 10 बजे तक जो भी व्यापार होना होता है, हो जाता है। जिसके बाद आनन फानन में कल शाम को व्यापारियों और राजनैतिक दलों के नेताओं की बैठक हुई जिसमें सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मार्केट खुलने का निर्णय लिया गया है।

**थाना परिसर में व्यापारियों की हुई बैठक**

### 6 बजे के बाद दुकान खुली मिली तो होगी कार्रवाई

थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने उपस्थित लोगों से स्पष्ट शब्दों में कहा की अनलॉक में छूट तो मिली है लेकिन आगामी दिनों तक कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन करते हुए सभी दुकानदार अपना अपना व्यापार करेंगे। थाना प्रभारी ने कहा भीड़ भाड़ से बचना है सोशल डिस्टेंसिंग के साथ दुकानदार खुद मास्क पहनेंगे और जो ग्राहक मास्क न पहने हो उसे सामान नहीं देंगेए दुकान के सामने गोले बने रहेंए सेनेटाइजरए साबुन और बाल्टी में पानी भी रखा मिलना चाहिए। इसके अलावा जिसकी भी दुकान शाम 6 बजे के बाद खुली मिलेगी उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए सभी व्यापारी अपनी अपनी दुकानें समय से 5 मिनिट पहले बंद कर लें। प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नाईट कर्फ्यू रहेगा और हर संडे को टोटल लॉक डाउन भी रहेगा। इस मौके पर शिवकुमार चौरसिया, सुखदेव चौरसिया, वंशरूप चौरसिया, राजेश चौरसिया, राजेश ब्यौहार, प्रदीप तांतू चौरसिया, सिद्धार्थ दीक्षित, शैलेंद्र पौराणिक, स्वतंत्र चौरसिया, नमन चौरसिया, बड्डा गुप्ता सहित अन्य व्यापारी एवं पुलिस स्टाफमौजूद रहा।

# जैन धर्म के खिलाफ अनोप मंडल कर रहा दुष्प्रचार

**कटनी।** अनोप मंडल के सदस्यों द्वारा बनिया जैन धर्म के विरुद्ध किये जा रहे दुष्प्रचार व अनोप मंडल की असामाजिक गतिविधियों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर आज जैन समाज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अनोप मंडल बनिया जैन विरोधी संगठन है, जो



राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बनिया जैन साधु व साध्वियों के खिलाफ लोगों के दिमाग में जहर घोलने का काम कर रहा है। इन राज्यों में इनका संगठन गांव-गांव जाकर दुष्प्रचार कर रहा है। मंडल के लोग भोले-भाले ग्रामीणों को भय, लालच व प्रलोभन देकर अपने संगठन में शामिल करते जा रहे हैं। अनोप मंडल का इतिहास व साहित्य पढ़ने से पता चलता है कि यह लोग बनिया लोगों की आर्थिक संपन्नता से ईर्श्या करते हैं। जैन मुनिगण व साध्वियां सदैव पैदल चलते हैं और गत 5-10 वर्षो में गुजरात, राजस्थान व महाराष्ट्र आदि राज्यों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 150 से अधिक जैन साधु-साध्वियों की मृत्यु भी हुई है। इन दुर्घटनाओं में अनोप मंडल का हाथ होने से इनकार नहीं किया सकता है। बनिया जैन समाज की मुख्य मांगों में सीबीआई द्वारा अनोप मंडल की जांच की जाए। जैन समाज के विरुद्ध भ्रामक प्रचार करने और सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने पर अनोप मंडल के मुकनराम को गिरफ्तार किया जाए। अनोप मंडल द्वारा संचालित वेबसाइट, सोशल मीडिया खातों, ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप, यूट्यूब व किताब जगत हितकारणी को प्रतिबंधित किया जाए। अनोप मंडल पर संपूर्ण भारत में पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। भारत सरकार पदविहारी जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा व जीवनरक्षा की व्यवस्था की जाए।

**प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन, सीबीआई जांच की मांग**

### शुभ प्रकाश मिश्र बने कटनी बस ऑपरेटर्स एसोसियेशन के नए अध्यक्ष

**कटनी।** कटनी बस ऑपरेटर्स एसोसियेशन की बैठक कल दो जून को सम्पन्न हुई। जिसमे कटनी बस ऑपरेटर्स एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष वैकुंठवासी पंडित सत्य प्रकाश मिश्र के आकस्मिक निधन पर शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। बैठक के उपरांत सर्व सम्मति से कटनी बस ऑपरेटर्स



एसोसियेशन के नए अध्यक्ष के रूप में शुभ प्रकाश मिश्र आत्मज वैकुंठवासी पंडित सत्य प्रकाश मिश्र को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। समस्त सदस्यों के द्वारा नए अध्यक्ष को कार्यभार ग्रहण कराते हुए बधाई दी गई एवं समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के बस परिवहन के सुचारू संचालन एवं बस संचालकों के हित में, शासन से समन्वय बनाते हुए संरक्षण के पूरी अपेक्षा नए अध्यक्ष से की। बस ऑपरेटर्स एसोसियेशन के सदस्य एवं पदाधिकारी पूर्व की भांति अपने पदों का निर्वहन करते रहेंगे। बैठक के उपरांत यादवेंद्र मिश्रा चीटा, राजेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, संतोष दुबे, संतोष उरमलिया, मनीष मिश्रा रिंकू, सुभाष शर्मा की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर न्यायालय एवं जिला पंचायत क्षेत्र में धारा 144

### कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने दण्ड संहिता की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। कलेक्टर न्यायालय कटनी एवं जिला पंचायत कटनी में जुलूसए आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनित विस्तारक यंत्रों का उपयोग से कार्यालयीन कार्य प्रभावित होने की संभावना के दृष्टिगत यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश दो माह तक की अवधि के लिये प्रभावशील होगा। इस आदेश के तहत कलेक्टर न्यायालय कटनी एवं जिला पंचायत कटनी के परिसर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाते हुये प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। इस दौरान कोई भी राजनैतिक दलए छात्र संगठन अथवा कोई आन्दोलनकारी व्यक्ति इन परिसरों में प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग भी उक्त परिसर या उससे लगे हुये 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश में राजनैतिक दलए यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर से जुलूसए आमसभा या नारेबाजीए ज्ञापन आदि सौंपे जाने के तीन दिवस पूर्व उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी से विधिवत् लिखित में अनुमति प्राप्त करनी होगी। ज्ञापन सौंपे जाने के लिये कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार मेन गेट पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंप सकेंगे। वहीं 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति होने पर शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये राखते हुये कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंप सकेंगे। इस आदेश का उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड
बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# अर्थदण्ड की कार्यवाही, निगमायुक्त ने किया दल का गठन

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग, भोपाल द्वारा जारी परिपत्र के नवीन दिशा निर्देशों अनुसार निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा कोरोना कर्फ्यू अनलॉक के संबंध में नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत वैकल्पिक दिवसों में निर्धारित मार्गो में दुकान, प्रतिष्ठान, फर्म आदि व्यवसायिक गतिवधियों को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित करनें की अनुमति दी गई है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने दुकान संचालकों द्वारा आदेशों का उल्लंधन करते पाये जाने की स्थिति में यथासमय ही संबंधित दुकानदार,संचालक के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित करने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी लायसेंस निरस्त करनें की कार्यवाही हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.एल. निगम, सहायक ग्रेड -3 संजय चौदहा व सहा. राज. निरी. सतीष तिवारी तीन सदस्यीय दल का गठन किया जाकर संबंधित दल को जिला रेडक्रास सोसायटी, कटनी से संबंधित रसीद प्राप्त कर प्रतिदिन जानकारी अद्यतन करते हुए दोपहर 2 बजे तक सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये है।

# बिना तपे ही विदा हुए नौतपा

## 40 डिग्री के पार नहीं जा पाया तापमान,चक्रवाती तूफानों के असर से गर्मी रही कम



**कटनी।** प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप के लिए जाना जाने वाला नौतपा इस बार बिना तपे ही निकल गया। इस वर्ष नौतपा के दौरान चक्रवाती तूफान का असर रहा। हल्के बादलों के बार-बार मंडराने से पारा इन नौ दिनों में कभी छलांग ही नहीं लगा पाया। आकाश कुछ साफभी हुआ तो पहाड़ों से आयीं ठंडी हवा के झौंके गर्मी से राहत देते रहे। मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण इन नौ दिन में सूरज के पृथ्वी के सबसे करीब होने के बावजूद इस बार तपिश ज्यादा नहीं बढ़ सकीं। सूरज की आग उगलती किरणों के आड़े लगातार बादल आए। बीच में हल्की बारिश और आसपास से अयी नमी वाली हवा के कारण भीषण गर्मी वाला यह समय इस बार राहत के साथ कट गया।

### पिछले और इस साल में बड़ा अंतर

पिछले वर्ष 2020 के अपेक्षाकृत इस साल नौतपा के नौ दिन में पारा नरम बना रहा। पिछले साल नौतपा की शुरुआत ही प्रचंड गर्मी के साथ हुई थी। 25 मई 2020 को अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री से रिकॉर्ड हुआ था। इस साल नौतपा में एक भी बार पारा 40 डिग्री तक पहुंच नहीं सका। पूरे समय पारा सामान्य से नीचे बना रहा। सबसे ज्यादा तापमान 28 मई को 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। दोनों ही वर्ष में नौतपा 25 मई से 2 जून के बीच रहा। इस साल नौतपा में गर्मी के कमजोर रहने में पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती प्रभाव के अलावा लॉकडाउन को भी एक वजह माना जा रहा है।

### हल्के बादलों से बढ़ी उमस

केरल में मानसून के प्रवेश की आहट के बीच बुधवार को शहर में पूरे दिन हल्के बादल बने रहे। इसके कारण सुबह के समय मौसम खुशनुमा रहा। दोपहर होते तक उमस बढ़ गई। चिपचिपी गर्मी ने बेचैन किया। शाम को उत्तरी हवा के झौंके आने से गर्मी से कुछ राहत रही। शहर में बुधवार को अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री दर्ज हुआ। यह दोनों स्तर पर सामान्य से दो डिग्री सी नीचे बना रहा। आर्द्रता सुबह के समय 72 और शाम को 36 प्रतिशत थीं। उत्तर-पूर्वी हवा 2-3 किमी प्रतिघंटा की औसत गति से चली।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# कैम्प मोड में काम करने का एक स्टेण्डर्ड प्रोसीजर - कलेक्टर

## जिला एवं ब्लॉकस्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के कार्यों की समीक्षा, बाहर से आने वालों को करें कोरेन्टाईन

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये चेन तोड़ने की दिशा में कार्य हो या कोविड सैम्पलिंग, टीकाकरण के प्रति जाग्रुकता का कार्य हो, इसमें हमें कैम्पेन के रुपे में काम करना है। कैम्प मोड में काम करने का एक स्टेण्डर्ड प्रोसीजर होता हैए उस हिसाब से काम करें। यह निर्देश बुधवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने डिस्ट्रिक्ट क्राईसिस मैनेजेन्ट कमेटी और ब्लॉक क्राईसिस मैनेजमेन्ट कमेटी में शामिल अधिकारियों को दिये। बैठक में ब्लॉक क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़े। कलेक्ट्रेट में आयोजित रिव्यू मीटिंग में श्री मिश्रा ने 13 बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की।



### इनका किया रिव्यू

रिव्यू मीटिंग में कलेक्टर ने सैम्पलिंग की प्रगति, कोरोना पॉजीटिव केसों की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंगए टीकाकरणए आयुष्मान कार्ड की प्रगतिए धारा 144 के तहत की जा रही कार्यवाही, कंट्रोल रुम के कार्यों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बैड विस्तारीकरणए खरीदे जाने वाले उपकरण की स्थिति, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त एम्बुलेन्स के संधारण एवं संचालन की व्यवस्था, लेबर माईग्रेशनए बायोमेडिकल वेस्टए एनजीओ एवं सामाजिक संस्थाओं को जोड़ने के लिये की जा रही कार्यवाही की बिन्दुवार समीक्षा की।

### लिया फीडबैक, दिये निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में ब्लॉकस्तरीय संकट प्रबंधन समूह के सदस्यों से वेक्सीनेशन, सैम्पलिंग, टीकाकरण जागरुकता, वेक्सीनेशन के लिये बनने वाले प्लान, आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर फीडबैक लिया। उन्होने पूछा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सैम्पलिंग के लिये मोबाईल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था बेहतर है या इसके सुधार के लिये आपके सुझाव हैं। टीकाकरण जागरुकता रथ से अवेयरनेस आई या नहीं आईए वेक्सीनेशन के लिये बनने वाले प्लान में आप लोगों के सुझाव क्या हैं। इन विषयों पर फीडबैक लेने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिये।

### बाहर से आने वालों का करायें टेस्ट

जिले में बाहर से लौटकर अपने गांव आने वाले मजदूरों को कोरेन्टाईन कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि इनका आरटीपीसीआरए एन्टीजेन टेस्ट जरुर करायें। गांव में पॉजीटिव आने वाले लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग जरुर की जाये।

### रेण्डमली कोविड जांच करायें

1 जून से जिला अनलॉक हुआ है। आर्थिक गतिविधियां खुली हैं। मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में आप रेण्डमली आरटीपीसीआर या एंटीजन टेस्ट करायें। हमें पैटर्न मिस नहीं करना है। भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में सैम्पलिंग होनी चाहिये। यदि उन सैम्पलिंग में अधिक लोग पॉजीटिव निकलते हैं, तो उस क्षेत्र में कंटेनमेन्ट जोन बनायें।

### धनराशि का सही स्थान पर हो उपयोग

बैठक में रोगी कल्याण समिति के कोष में उपलब्ध राशि के विषय में जानकारी भी कलेक्टर ने ली। उन्होने कहा कि सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें कि रोगी कल्याण समिति की राशि का सही स्थान पर ही उपयोग हो। आप छोटे-छोटे फाईनेन्शियल मॉडल भी बनायें।

### टीकाकरण के लिये इलेक्शन मोड पर काम करें

इस दौरान कलेक्टर ने सैम्पलिंग के लिये फीवर क्लीनिक की टीम को रोटेट करने, समन्वय के साथ काम करनेए ग्रामीण स्तर के क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप को मजबूत करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कोरोना टीकाकरण के लिये हमें इलेक्शन मोड पर काम करना होगा। सीईओ जिला पंचायत इस कार्य को लीड करें। सभी ब्लॉक लेवल के क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप अपनी ग्राम पंचायतों को ग्रीनए येलो और रेड जोन में वर्गीकृत करें। इस वर्गीकरण का आधार कोविड वेक्सीनेशन को लेकर ग्राम पंचायत के निवासियों में उनकी रुचि को बनायें। इसकी रिपोर्ट जिला पंचायत में भेजें।

### 3 जून से 20-20 ग्रामस्तरीय संकट प्रबंधन समूह से करेंगे संवाद

ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण के प्रति जागरुकता आयेए इसके लिये कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम पंचायतों के वर्गीकरण के पश्चात 3 जून से अलग.अलग विकासखण्ड की 20.20 ग्रामस्तरीय संकट प्रबंधन समूह से संवाद करने की बात कही। उन्होने कहा कि इसकी व्यवस्था सीईओ जिला पंचायत बनाये। मैं वीसी के माध्यम से इन ग्रुपों से बात करुंगा। जिसमें हम टीकारण को लेकर आ रही समस्या का सुनेंगे और उसका निदान करेंगे।

### आउटसोर्स एम्प्लॉई का सही समय पर भुगतान हो

बैठक में कलेक्टर ने सीएमएचओ को जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में आउटसोर्स से काम कर रहे कर्मचारियों का भुगतान सही समय में कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सीएमएचओ यह सुनिश्चित करें कि उनके मानदेय के भुगतान में अनावश्यक विलंब ना हो। इसके साथ ही बैठक में तीसरी लहर की तैयारी करने की दिशा में भी आवश्यक दिशा-निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि सभी ब्लॉकस्तरीय संकट प्रकंधन ग्रुप अपने पीएचसी और सीएचसी को तैयार करने की दिशा में काम करें। सीएससी में जरुरत के हिसाब से सिविल स्ट्रक्चर तैयार किया जाये। फर्टिलाईजर दुकानों, पीडीएस दुकानों में सोशल डिस्टैन्सिंग का पालन कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। यहां अभी अधिक भीड़ हो सकती है। बैंकर्स की एक मीटिंग एसडीएम को लेने के निर्देश भी उन्होने दिये। श्री मिश्रा ने कहा कि संक्रमण रोकना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। टीम बनाकर सभी काम करें। यह विश्वसनीयता बनाने का समय है। बैंकर्स को भी अपने साथ जोड़ें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमेए अपर कलेक्टर रोहित सिसोनियाए नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरेए सीएमएचओ डा. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्माए डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी और संघमित्रा गौतम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# कैमोर और एसीसी ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटी खाद्यान्न सामग्री

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा कटनी जिले में कोरोना महामारी के चलते लंबे समय से लॉकडाउन में प्रभावित हुये निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को घर तक निशुल्क खाद्यान्न सामग्री पहुंचाए जाने मिशन संबल संचालित किया गया।

लॉकडाउन के अंतिम दिन सोमवार को भी कैमोर के ग्राम नन्हवाराकलां में 120 निर्धन एवं जरुरतमंदों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों को कोविड.19 का टीकाकरण कराने उन्हें जागरुक भी किया गया। इस अवसर पर टीण्आईण् अरविंद जैन सहित पुलिस स्टाफ प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेलए चंद्रभान विश्वकर्माए आरक्षक शिव, अचल, सनिल व कैमोर के सीएसआर हेड ऐनेट विश्वासए एसीसी ट्रस्ट टीम के अमित सोनी, पीयूष लालए अमित बागए प्रीति, ओमप्रकाश, मोहसीना, अनूप, सुनील, सुशील एवं अरुणा भी खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा संचालित किये गये मिशन संबल के अंतर्गत एसीसी डायरेक्टर प्लांट के.आर. रेड्डी के मार्गदर्शन व एचण्आरण् हेड एचण् पीण् सिंह के निर्देशन में एसीसी सीएसआर हेड ऐनेट विश्वासए चीफ सिक्योरिटी अधिकारी नीरज सिंह ने कैमोर टी आई अरविंद जैन एवम पुलिस बल के साथ मिलकर लॉकडाउन की अवधि में थाना कैमोर क्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्रामए देवरी मझगवांए कलहरा, बडारी, अमेहटा, मेहगांव, देवसरी, नन्हवाराकला, झिरिया, अमुवारी, संगवाराए सूरमाए गुडगुडैहा, बम्हनगवांए सलैया कोहारी, खिरवा खुर्द, धनवाही, हरैया, दुर्जनपुर, चरी, पडरेही, जमुवानीकला, जमुवानी खुर्दए खिरवा नं 2, अमरैया, खलवारा ग्राम, खरखारी, रजरवारा.2 एवं कैमोर नगर के करीब 2600 निर्धन एवं जरूरतमंदों को खाद्यान्न सामग्री बांटने का सराहनीय कार्य किया गया।

मिशन संबल के तहत थाना कैमोर क्षेत्र में खाद्यान्न सामग्री का वितरण थर्मल स्कैनिंगए सैनिटाइजेशन एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सम्मान देते हुए स्टाल लगाकर किया गयाए कैमोर पुलिस के कार्य मे एसीसी ट्रस्ट के साथ-साथ नगर परिषद कैमोर एवं क्षेत्र के समाजसेवियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। कैमोर नगर के पापा टेंट हाउस के संचालक अख्तर भाई जान ने भी अपनी निशुल्क सेवाएं इस कार्य में दी हैं।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम

# निजी विद्यालयों की जानकारी पोर्टल पर होगी जारी

### निजी विद्यालय संशोधन के लिए 5 जून तक कर सकेंगे दावा आपत्ति

**कटनी।** संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र धनराजू एस ने बताया कि नवीन शैक्षिक सत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की कार्यवाही स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शीघ्र प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क प्रवेश के लिए स्कूल संबंधी जानकारी http://rteportal.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें स्कूल का नाम, स्कूल आईडी, स्कूल का ग्रामध्वार्डए पड़ोसध्विस्तारित पड़ोसए स्कूल की प्रवेश के लिए आरक्षित कक्षा और आरक्षित सीटों की संख्या आदि की प्रोविजनल सूची रहेंगी। श्री धनराजू ने बताया कि यदि किसी प्रायवेट स्कूल को अपने स्वयं के स्कूल की प्रोविजनल जानकारी के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हैए तो वे 5 जून 2021 को शाम 4 बजे तक अपना अभ्यावेदन संबंधित विकासखण्ड के बीआरसी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद दिया गया कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा। यदि कोई संस्था या समिति उनके प्रायवेट स्कूल को सत्र 2021.22 में संचालित नहीं करना चाहती है, तो उसकी जानकारी विकासखण्ड के बीआरसी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही अगर प्रोविजनल सूची में कोई अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था सम्मिलित हैए तो संस्था द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की स्थिति में संस्था का नाम सूची से विलोपित किया जा सकेगा।

# आज 23 स्थलों पर होगा कोविड.19 वेक्सीनेशन

**कटनी।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.समीर सिंघई ने बताया कि आज पुरानी कचहरी परिसर कटनी में वेक्सीनेशन कराया जा रहा है। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत सनातन धर्म पंजाबी मण्डी माता मंदिर माधवनगरए रेल्वे स्कूल एनकेजेए सेवा भारती सरस्वती स्कूल दई बस्तीए तिलक कॉलेजए ऑर्डनेन्स फैक्ट्री, एसीसी हॉस्पिटल कटनी में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन होगा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ए सीएचसी बड़वाराए सीएचसी बहोरीबंदए सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, सीएचसी रीठी, सीएचसी बिलहरीए सीएचसी बरहीए सीएचसी सिनगौड़ी, सीएचसी कैमोर, पीएचसी बाकल, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी तेवरी, एसएचसी खितौली और पीएचसी बसाड़ी में भी गुरुवार को 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड.19 वेक्सीनेशन किया जायेगा। इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं।

### प्रति बोरी डीएपी खाद का मूल्य 1200 रूपये निर्धारित

**कटनी।** प्रदेश में खरीफ सीजन 2021 के न्यूट्रीयेन्ट बेस्ड सब्सिडी एनबीएस के अंतर्गत डीएपी में सब्सिडी पुनरू निर्धारित कर प्रति बोरी कीमत 1200 रूपये निर्धारित की गई है। प्रबंध संचालक पी.नरहरि ने बताया कि प्रदेश में पूर्व में प्राप्त खाद की जिन बोरियों पर एमआरपी 1900 रूपये एवं 1700 रूपये अंकित हैए भारत शासन के आदेशानुसार कृषकों को 1200 रूपये प्रति बोरी की दर से विक्रय की जायेगी।

# पंजाबी धर्मशाला में शुरु हुआ कोविड वेक्सीनेशन केन्द्र



**कटनी।** बुधवार से माधवनगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित पंजाबी धर्मशाला में कोविड वेक्सीनेशन केन्द्र प्रारंभ किया गया। इस केन्द्र में 18 से 44 वर्ष आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन सत्र आयोजित हो रहे हैं। इस केन्द्र में वेक्सीनेशन कार्य के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित एएसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम बलबीर रमन, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रदीप मुडिया, सीएसपी शशिकांत शुक्ला, थाना प्रभारी संजय दुबे और माधवनगर पंजाबी धर्मशाला के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अस्थाई पात्रता पर्ची के आवेदनों पर कार्यवाही की तिथि 5 जून तक बढ़ाई गयी

### 31 मई के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं

**कटनी।** प्रमुख सचिव खाय एवं नागरिक आपूर्ति फैज अहमद किदवई ने बताया कि अस्थाई पात्रता पर्ची के लिए 31 मई 2021 तक प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की तिथि 5 जून तक बढ़ा दी गई है। इस अवधि में नए आवेदन प्राप्त नहीं किए जाएंगे। निर्धारित अवधि 31 मई तक प्राप्त आवेदनों में से एक लाख 17 हजार 418 परिवारों से प्राप्त आवेदनों को ही पोर्टल पर चढ़ाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक 18 हजार 829 आवेदन ग्वालियर के हैंए जबकि दतियाए बुरहानपुर एवं आगर.मालवा में कोई आवेदन पेंडिंग की श्रेणी में नहीं है। प्रमुख सचिव श्री किदवई ने बताया कि इस संबंध में शासन द्वारा कार्यादेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण के दौरान गरीबों को माह का निःशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है। इनमें ऐसे हितग्राही जिनके पास पात्रता पर्ची नहीं होने के कारण वे निःशुल्क राशन प्राप्त नहीं कर पा रहे थेए उन्हें अस्थाई पात्रता पर्ची के माध्यम से 5 माह का राशन वितरित किया जाना है। अस्थाई पात्रता पर्ची प्राप्त करने वालों को आवेदन पत्र के साथ इस आशय का घोषणा पत्र भी देना होता है कि उनके पास अस्थाई पात्रता पर्ची के लिए वांछित प्रपत्र उपलब्ध नहीं है। उसके पश्चात उन्हें स्थाई पर्ची जारी की जा सकेगी। इन शेष हितग्राहियों के आवेदन पोर्टल पर नहीं चढ़ाए जाने के कारण उन्हें निःशुल्क राशन प्रदान नहीं किया जा सका था। इन शेष आवेदनों पर कार्रवाई के लिए अंतिम तिथि 5 जून तक बढ़ाई गई है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अप्रैल मई-जून 3 माह का राशन प्रत्येक हितग्राही को निःशुल्क दिया जाता है एवं केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 2 माह का राशन 5 किलोग्राम प्रति सदस्य प्रतिमाह की दर से निःशुल्क दिया जाएगा। इस प्रकार कुल 5 माह का राशन निःशुल्क वितरित किया जा रहा है।




# नर सेवा ही नारायण सेवा है- मयंक अवस्थी

### सेवा भारती का 18 से 44 आयु वर्ग का वैक्सीनेशन सेंटर उद्घाटित

**कटनी।** सामाजिक समरसता के साथ संस्कार और सेवा के भाव को लेकर के समाज में निरंतर सेवा कार्य के प्रति स्वयंसेवकों का समर्पण का भाव, वास्तव में कोरोना महामारी के इस दौर में अनुकरणीय है। नर सेवा ही नारायण सेवा है, ऐसे भाव को लेकर के सेवा भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक निरंतर सेवा के कार्य कर रहे हैं जो आम जनमानस के प्रति सामाजिक बंधुओं की संवेदनशीलता प्रदर्शित करता है.उक्त आशय के उद्गार सेवा भारती कटनी के 18 से 44 आयु वर्ग केए नई बस्ती सरस्वती शिशु मंदिरए विवेकानंद सभागार में शासन के सहयोग से प्रारंभ हुए वैक्सीनेशन सेंटर के उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन यशवंत वर्मा ने वैक्सीनेशन सेंटर प्रारंभ कर संपूर्ण व्यवस्था की जवाबदारी लेने पर और समाज तथा ग्राम के बंधुओं को वैक्सीनेशन के प्रति जागृत करने परए सेवा भारती के स्वयंसेवकों की प्रशंसा करी यउन्होंने आगे भी प्रशासन से जो भी सहयोग होगा वह देने का आश्वासन दिया, इसके पूर्व सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. अमित साहू ने कोरोना महामारी के दौरान समाज हित में गतिमान सेवा भारती के विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी तथा सतना विभाग से उपस्थित हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीमान संजय तिवारी तथा विभाग कार्यवाह श्रीमान उमेश मिश्र ने सतना विभाग में चल रहे सेवा कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर सेवा भारती कटनी के दीपक सोनी, आशीष गुप्ता बाबा, अमित कनकने, संजय त्रिपाठी, नीलेश विश्वकर्मा, राजेश सिंघई, लालचंद थारवानी, कुलदीप पांडे, राजेश भास्कर, सीपी बरसैया, नीरज कांत, राजीव गुप्ता, रामनिवास कुशवाहा, कृष्णा नामदेव एडॉक्टर विकास राय एरमेश गुप्ता आदि स्वयंसेवक बंधुओं की उपस्थिति रही।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां. संभाग जबलपुर

Web site : www.mp.gov.in/pwdmp, Email : eepwdelecjbp@mp.nic.in, Tel. / Fax No. 0761-2620792

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 07.2021-22/व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक 24.05.2021

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में ) | अमानत की राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2021_PWD RB_143780 | जबलपुर जिले के कलेक्ट्रेट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | 10.00 लाख | 20,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. द्वितीय काल। |
| 2 | 2021_PWD RB_143781 | जबलपुर जिले के एम.एम.वी. सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | 15.00 लाख | 30,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. द्वितीय काल। |
| 3 | 2021_PWD RB_143782 | डिण्डौरी जिले के डिण्डौरी सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | 15.00 लाख | 30,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस संबंधित जिले हेतु 2. द्वितीय काल। |
| 4 | 2021_PWD RB_143783 | डिण्डौरी जिले के शहपुरा सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | 15.00 लाख | 30,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस संबंधित जिले हेतु 2. द्वितीय काल। |
| 5 | 2021_PWD RB_144083 | कटनी जिले के कटनी आउटर के अंतर्गत (सिलिमनाबाद, धीमरखेड़ा) सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | 10.00 लाख | 20,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस संबंधित जिले हेतु 2. द्वितीय काल। |
| 6 | 2021_PWD RB_144086 | जबलपुर जिले के जबलपुर विद्युत यांत्रिकी डिविजन के अंतर्गत आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | 10.00 लाख | 20,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. द्वितीय काल। |
| 7 | 2021_PWD RB_144094 | जबलपुर जिले के विद्युत यांत्रिकी संभाग के अंतर्गत ए.सी. मरम्मत, सर्विसिंग एवं विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | 15.00 लाख | 30,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस संबंधित जिले हेतु 2.प्रथम काल। |
| 8 | 2021_PWD RB_144255 | जबलपुर जिले के विद्युत यांत्रिकी संभाग के अंतर्गत विभिन्न शासकीय भवनों में स्थापित लिफ्ट के मरम्मत एवं सर्विसिंग का कार्य। | 15.00 लाख | 30,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम काल। |
| 9 | 2021_PWD RB_144256 | जबलपुर जिले के विद्युत यांत्रिकी संभाग के अंतर्गत उच्च न्यायालय भवन, अति महत्वपूर्ण शासकीय भवन, सर्किट हाउस एवं रेस्ट हाउस इत्यादि में मोटर पम्प, बुसटर पम्प, समर्सिबल पम्प, गीजर, कुलर इत्यादि के मरम्मत एवं बदलने का कार्य। | 18.00 लाख | 36,000/- | 2000 | 31.03.2022 | 1. नवीन पंजीकरण एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस संबंधित जिले हेतु 2.प्रथम काल। |

उपरोक्त वेबासाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 12.06.2021, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-12947/21 कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग, जबलपुर





# अनलॉक : निर्माण कार्यों ने फिर पकड़ी रफ्तार

## मझगवां ओव्हर ब्रिज और देश के सबसे लंबे ग्रेट सेपरेटर का निर्माण एक बार फिर शुरू

**लॉक डाउन के चलते डेढ़ महीने से बंद था काम**

यश भारत खबर विशेष

कटनी। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले करीब डेढ़ महीने से बंद पड़े निर्माण कार्यों ने अब एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। मिशन चौक पर निर्माणाधीन ओव्रर ब्रिज निर्माण को छोड़कर बाकी सभी लंबित निर्माण कार्य एक बार फिर फिर शुरू हो गए हैं। जिसमे कटनी-बीना रेलखंड पर रीठी मार्ग पर मझगवां फाटक पर ओव्हर ब्रिज, झलवारा से मझगवां रेल फाटक तक बन रहे देश के सबसे लम्बे रेल्वे ब्रिज ग्रेड सैपरेटर का निर्माण तथा कटनी नदी पर बन रेल ओव्हर ब्रिज कि काम शामिल है। ये निर्माण कार्य 9 अप्रैल को कटनी जिले में लॉकडाउन के बाद से ही बंद हो गए थे। लेकिन अब अनलॉक होने के बाद निर्माण एजेंसी ने इन निर्माण कार्यों को शुरू कर दिया है। बरसात का महीना शुरू होने के पहले ठेकेदार द्वारा ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा किए जाने पर जोर दिया जा रहा है।



### अब बरसात के बाद होगा दूसरे स्लैब का निर्माण

यदि डेढ़ महीने का लॉकडाउन नहीं होता तो कटनी नदी पर चल रहे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य के दूसरे स्लैब की ढलाई अब तक हो जाती लेकिन इसे अब बरसात के बाद कराया जाएगा। इसके पीछे मुख्य कारण बरसात का मौसम और नदी में पानी का बहाव तेज होना बताया जा रहा है। विदित हो कि कटनी नदी के एक हिस्से में स्लैब ढालने का काम लॉकडाउन के पहले ही हो गया था और ठेकेदार द्वारा दूसरे स्लैब के निर्माण की तैयारी की जा रही थी कि लॉकडाउन हो गया। अब जब अनलॉक हो गया है तो ऐसा संभावना व्यक्त की जा रही थी कि दूसरे स्लैब का का काम हो जाएगा। बताया जाता है कि दूसरे स्लैब के निर्माण की ठेकेदार ने तैयारियां भी शुरू कर दी थी और नदी में पिलर भी बनाए जाने लगे थे परंतु बरसात का मौसम नजदीक होने और पिलर की मिट्टी बरसात के पानी बहने की संभावनाओं को देखते हुए इसे बरसात के बाद करने पर विचार किया जा रहा है।



### मझगवां में 40 करोड़ से बन रहा ओव्हर ब्रिज

कटनी-रीठी-दमोह सड़क मार्ग पर ग्राम मझगवां रेलवे फाटक अक्सर बंद रहने के कारण इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार एक घंटे से अधिक समय तक फाटक बंद रहता था। कई वर्षों से फ्लाइओवर की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों की मांग पर रेलवे द्वारा यहां ओव्हर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई। रेलवे द्वारा ओव्हर ब्रिज स्वीकृत किए जाने के बाद मप्र सेतु निगम द्वारा फ्लाइओवर का निर्माण कराया जा रहा है। रेलवे द्वारा ट्रैक के ऊपर वाले हिस्से में बो-इस्टिंग डालकर धनुषाकार गार्डर फ्लाइओवर तैयार किया जा रहा है। लॉकडाउन के कारण रेलवे का भी काम बंद हो गया था लेकिन अब अनलॉक होने के बाद एक बार फिर काम शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक करीब 50 प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो गया है।



### कटनी ग्रेड सेपरेटर निर्माण में तेजी

सर्वाधिक लंबाई वाले रेलवे ओवरब्रिज में देश के चुनिंदा निर्माण में से एक कटनी ग्रेड सेपरेटर का निर्माण अनलॉक के बाद एक बार फिर जोर पकड़ने की उम्मीद है। यह ब्रिज अप लाइन पर 14.2 किलोमीटर तथा डाउन लाइन पर 7 किलो मीटर कुल 21.2 किलोमीटर झलवारा से मझगवां के बीच प्रस्तावित है। इसका ठेका इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी इरकान द्वारा लिया गया है। इस निर्माण के दिसंबर 2023 तक पूरा होने की संभावना व्यक्त की गई थी लेकिन इस दौरान कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन की वजह से निर्माण कार्य की रफ्तार मंद पड़ गई लेकिन अब अनलॉक होने के बाद एक बार फिर निर्माण कार्य में तेजी आने की संभावना है।



# मिशन चौक ओव्हर ब्रिज निर्माण में फंड की कमी

## राज्य सरकार द्वारा निर्माण एजेंसी को अब तक नहीं किया गया 10 करोड़ का भुगतान

यश भारत पड़ताल

**कटनी। मिशन चौक में निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज का निर्माण फंड की कमी के चलते अधर में लटक गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार द्वारा अब तक अपने हिस्से की करीब 10 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान ठेकेदार को नहीं किया गया है। जिससे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य अवरूद्ध हो गया है, इसके अलावा कटनी-बीना रेल लाइन पर रेलवे द्वारा मेगा ब्लॉक की भी अनुमति नहीं दी जा रही है।**

जानकारी के मुताबिक अब केवल रेलवे के हिस्से में ही निर्माण कार्य शेष रह गया है। मिशन चौक से चांडक चौक और बरगवां की ओर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब रेललाइन के ऊपर का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए ठेकेदार द्वारा रेल प्रशासन से मेगा ब्लाक की अनुमति मांगी गई थी लेकिन रेलवे द्वारा अब तक मेगा ब्लाक की अनुमति नहीं दी गई है। बताया जाता है कि रेलवे के हिस्से में निर्माण के लिए स्टक्चर कई महीने पहले ही कटनी पहुंच चुका है। ब्रिज के दोनों तरफ पिलर का काम पूर्ण होने के बाद अब केवल गाटर रखकर ब्रिज का निर्माण पूर्ण किया जाना है। सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ठेकेदार को 10 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान करने में विलम्ब किया जा रहा है। जिससे ब्रिज का निर्माण कार्य अधर में लटक गया है।

### 85 करोड़ की लागत, 1337 मीटर लंबाई, मार्च 2019 में शुरू हुआ था निर्माण

जानकारी के मुताबिक मिशन चौक सागर अंडर ब्रिज में हर दिन लगने वाले जाम के चलते राज्य सरकार द्वारा यहां ओव्हर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। बजट में फंड का प्रावधान भी किया गया था। टेंडर निकलने के बाद इसे भोपाल की मिश्रा कंसट्रक्शन कंपनी द्वारा लिया गया। बरगवां से चांडक चौक के बीच 1337 मीटर लंबाई के मिशन चौक ओवर ब्रिज (आरओबी) का काम मार्च 2019 में शुरू हुआ था। 85 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे ओव्हर ब्रिज का निर्माण शुरू के डेढ़ साल तेज गति से शुरू हुआ। पिछले साल लॉकडाउन के दौरान काम बंद रहा और इसके बावजूद ठेकेदार ने तेज गति से काम पूरा किया और इस साल मार्च आते-आते ब्रिज का काम लगभग पूर्णता की ओर था लेकिन इसी बीच 9 अप्रैल से एक बार फिर लॉकडाउन हो गया। अब निर्माण कार्य में फंड की कमी की बात सामने आ रही है। सूत्रों ने बताया कि राज्य सरकार को करीब 30 करोड़ रूपए का भुगतान ठेकेदार को करना है। राशि की कमी के चलते भी निर्माण कार्य अवरूद्ध हो गया है।



### रेलवे भी नहीं दे रहा मेगा ब्लॉक की अनुमति, मंथर पड़ी ब्रिज निर्माण की रफ्तार, अब केवल रेलवे के हिस्से में निर्माण बाकी

### इनका कहना है

ब्रिज की कॉस्ट को लेकर इसका रिवाईज किया जाना है। जिसकी वजह से करीब 8 से 10 करोड़ रूपए का भुगतान बाकी है। लॉकडाउन की वजह से मेगा ब्लॉक नहीं मिल रहा था। अब अनलॉक होने के बाद एक बार फिर मेगा ब्लॉक के लिए कोशिश की जाएगी।

-प्रमोद गोटिया, एसडीओ, ब्रिज कार्पोरेशन

# कोरोना से अब तक की सबसे बड़ी राहत, आज जीरो पॉजीटिव केस

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण से अब तक की सबसे बड़ी राहत मिली है। कई महीने बाद जिले में आज एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन इसे बड़ी राहत के तौर पर देख रहा है। संक्रमण में कमी आने और एक भी पॉजीटिस केस नहीं मिलने से जिले के लोगों ने भी राहत की सांस ली है। अप्रैल में जहां कोरोना संक्रमण कहर बरपा रहा था और मई में संक्रमण से थोड़ा राहत मिली थी तो जून में संक्रमण का असर पूरी तरह से कम होता दिख रहा है। जानकारी के मुताबिक मार्च के महीने से ही लोग इस महामारी का शिकार होने लगे थे और अप्रैल में शहर से लेकर गांव तक संक्रमण ने पैठ बना ली थी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 1 जून को 816 लोगों के सेम्पल लेते हुए सुप्राटेक अहमदाबाद की इंदौर लैब में जांच के लिए भेजे गए थे, जिसमे से एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है, इसी तरह 2 जून को रेपिड एंटीजन किट से 494 लोगों की जांच की गई थी। इसमे भी कोई संक्रमित नहीं निकला। पिछले 24 घंटे में 5 लोगों ने संक्रमण को मात दी है। अब तक तक कुल संक्रमित मरीजों 9349 में से 9205 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 35 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 4 जिला चिकित्सालय, 3 निजी चिकित्सालय एवं 28 मरीज होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं।

# पोर्टल पर आज अपलोड होगी आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया जानकारी

**कटनी।** नवीन शैक्षिक सत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की कार्यवाही स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शीघ्र प्रारंभ की जा रही है। जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने बताया कि आज 3 जून से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क प्रवेश के लिए स्कूल संबंधी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें स्कूल का नाम, स्कूल आईडी, स्कूल का ग्राम, वार्ड, पड़ोस, विस्तारित पड़ोस स्कूल की प्रवेश के लिए आरक्षित कक्षा और आरक्षित सीटों की संख्या आदि की प्रोविजनल सूची रहेंगी। श्री डेहरिया ने बताया कि यदि किसी प्रायवेट स्कूल को अपने स्वयं के स्कूल की प्रोविजनल जानकारी के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति है, तो वे 5 जून को शाम 4 बजे तक अपना अभ्यावेदन संबंधित विकासखण्ड के बीआरसी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद दिया गया कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा। यदि कोई संस्था या समिति उनके प्रायवेट स्कूल को सत्र 2021-22 में संचालित नहीं करना चाहती है, तो उसकी जानकारी विकासखण्ड के बीआरसी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही अगर प्रोविजनल सूची में कोई अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था सम्मिलित है, तो संस्था द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण.पत्र प्रस्तुत करने की स्थिति में संस्था का नाम सूची से विलोपित किया जा सकेगा।









# भीषण गर्मी के बीच बढ़ा पेयजल संकट

## परेशान हो रहे लोग, जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

**कटनी।** शहरवासी भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं तो वहीं नगर निगम के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते पेयजल की समस्या से भी खासा परेशान हैं। शहर के शहरी क्षेत्र सहित उपनगरीय क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पेयजल की समस्या बनी हुई है लेकिन नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही।

### रोज पानी के लिए परेशान हो रहे लोग

बुधवार को बैराज में तकनीकी खराबी के कारण टंकियों में पानी नहीं पहुंचा। जिससे शहर के कई इलाकों में पानी की समस्या खड़ी हो गई। लगातार पानी की सप्लाई ना होने, कम फोर्स होने व खराब पानी, गंदगी आने की समस्या बनी हुई है। शहर के कई इलाकों में लोग पेयजल समस्या का सामना कर रहे हैं।

### कई क्षेत्रों में समस्या

सावरकर वार्ड के निवासियों ने बताया कि पानी बहुत कम आता है। 2 माह से शिकायत कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसी तरह संजय नगर, माधवनगर, अमीरगंज के लोग भी पेयजल को लेकर खासे परेशान हैं। अमीरगंज में लोगों के घरों तक पेयजल की सप्लाई नहीं हो रही। तालाब के पास से एक से डेढ़ किलोमीटर दूर पानी ढोने के लिए लोग मजबूर हैं लगातार समस्या समाधान की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

# सड़क पर मिला मोबाइल पुलिस को सौंपा

## एलएंडटी कंपनी के कर्मचारी की ईमानदारी



**कटनी।** बीना-बिलासपुर रेलखंड के झलवारा स्टेशन से लेकर मझगवां फाटक स्टेशन के बीच बन रहे देश के सबसे लंबे रेल फ्लाई ओवर का ठेका लेने वाली एलएनटी कंपनी के कोलकाता निवासी कर्मचारी सलीम एस.के. पिता कासिम एस.के. ने ईमानदारी की मिशाल पेश की है। सलीम को एक मोबाइल सड़क पर पड़ा मिला। जिसे उसने एनकेजे थाने में जाकर पुलिस को सौंपा। बाद में यह मोबाइल रोशननगर निवासी मनीष कुशवाहा का निकला। जिसे पुलिस ने मोबाइल धारक को बुलाकर सौंप दिया।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM., मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM., हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयॉं एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था








स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)